नवभारत टाइम्स

चेन्नै: कई स्मगलिंग गैंग्स का भंडाफोड़, 8.5 करोड़ का सोना बरामद

एएनआई| Feb 22, 2019, 04.21 PM IST

भारी मात्रा में बरामद हुआ सोना

चेन्नै

डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यु इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने तमिलनाडु की राजधानी चेन्नै में सोने की तस्करी से जुड़े कई बड़े गैंग का भंड़ाफोड़ किया है। डीआरआई ने छापेमारी और अन्य कार्रवाई में 24.8 किलो सोना बरामद किया है, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 8.58 करोड़ आंकी गई है। इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है।

इन ग्रुप्स पर आरोप है कि ना सिर्फ इन्होंने सोने की तस्करी की है, बल्कि भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स और सिगरेट की भी तस्करी करते रहे हैं। डीआरआई ने पिछले चार दिनों की छापेमारी में 24.8 किलोग्राम सोना बरामद किया है,जिसकी बाजार में कीमत लगभग 8.58 करोड़ बताई जा रही है।

बरामद किए गए सामान में सोने कि बिस्किट, सोने की चेन और कई अन्य तरह के छल्ले भी शामिल हैं। इसके अलावा डीआरआई ने भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स और सिगरेट भी बरामद किए हैं। इन बड़े तस्कर ग्रुप्स से जुड़े कुल सात लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।